an>

Title: Need to upgrade Chhayapuri railway station in Vadodara, Gujarat as a Satellite Railway Station.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा) ः मैं माननीय मंत्री जी सो जानना चाहूँगी कि उनके नेतृत्व में भारतीय रेल विकास की दिशा-दशा में कई सारे सराहनीय कदम उठाए गए हैं। रेल बजट 2015-16 में सेटेलाईट स्टेशनों के विकास का प्रयोजन एवं प्रस्ताव रखा गया है। बड़ोदरा, गुजरात की सांस्कृतिक और शिक्षा की राजधानी के रूप में जाना जाता है। महाराजा, सयाजिराओ, विश्वविद्यालय, एशिया की सबसे बड़ी रेजीडेन्सियल यूनिवर्सिटी है। साथ-साथ भारतीय रेल अधिकारियों के लिए, भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी प्रमुख संस्थान है। बड़ोदरा में देश का सबसे पहला जन-भागीदारी से बना आदर्श बस स्टेशन है। बड़ोदरा जिले में काफी संख्या में औद्योगिक ईकाइयाँ भी कार्यरत हैं। देश का सर्वप्रथम रेलवे विश्वविद्यालय भी बड़ोदरा में स्थापित होगा।

बड़ोदरा के छायापुरी स्टेशन को सेटेलाईट स्टेशन के रूप में निर्माण करने की संकल्पना को बड़ोदरा रेलवे डिवीजन के अधिकारीगणों द्वारा प्रोजेक्ट के रूप में तैयार कर आगे की मंजूरी के लिए रेलवे हेडक्वार्टर भेज दिया गया है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से जानना चाहूँगी कि बजट में घोषित इस योजना हेतु बड़ोदरा के छायापुरी स्टेशन को सेटेलाईट रेल स्टेशन के रूप में निर्माण करने के कार्यक्रम को कब क्रियान्वित किया जाएगा।?